an>

Title: Need to start a morning flight from Bhavnagar to Mumbai.

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर):** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे मेरे भावनगर और बोटाद की एयर कनेक्टिविटी के बारे में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं। हमारा भावनगर का एयरपोर्ट 40 साल पुराना है। पूर्व में तीन-तीन बोइंग यहां से उड़ान भरा करती थीं, लेकिन फिर इनमें से दो हो गयी, एक हो गयी और एक ऐसा समय आया कि हमारी फ्लाइट बिल्कुल ही खत्म हो गयी, हमारे एयरपोर्ट का अस्तित्व ही खत्म हो गया।

मैं माननीय सिविल ऐवीएशन मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं कि तत्काल उन्होंने हमें एक एयर इंडिया की फ्लाइट दे दी है, लेकिन दिक्कत यह है कि एयर इंडिया की एक फ्लाइट मुंबई के लिए है, वह हफ्ते में चार दिन ही आती है और शाम को उड़ान भरती है। हमारे एशिया का सबसे बड़ा शिप ब्रेकींग यार्ड, अलंग है, ब्लैक बग की नेशनल सैंक्च्यूरी भी है, पीपावा पोर्ट भी नजदिक में है, द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक सोमनाथ भी यहां से जाया जाता है, निष्कलंक महादेव और बहुत बड़े पालिताना जैनों का तीर्थधाम भी हमारे यहां है। हम व्यापारिक तौर से भी मुबई से जुड़े रहते हैं, हम सोशली भी मुबई के साथ जुड़े रहते हैं। व्यापारियों को हर दिन मुंबई आना-जाना लगा रहता है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप मुंबई बोलिए।

**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम मिनिस्ट्री का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं कि हमारी भावनगर से मुंबई के लिए एक सुबह के लिए और एक शाम के लिए फ्लाइट दी जाये, जिससे हमारा भावनगर और बोटाद का डेवेलपमेंट सुनिश्चित हो सके। इसके लिए मैं आपकी आभारी रहूंगी ।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. भारतीबेन डी. श्याल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।